27

एक विराम: यीशु का एकांतवास

(12:15-21)

यीशु के विरुद्ध एक षड्यन्त्र रचा जा रहा था। समय से पूर्व अपनी गिरफ्तारी को रोकने के लिए वह फिर से अपने चेलों के साथ झील की ओर एकांत में चला गया (मरकुस 3:7)। यीशु ने सही समय आने पर साहसपूर्वक ढंग से मरना था, परन्तु वह समय अभी आया नहीं था।[1]

एक विराम (12:15, 16)

[15]यह जानकर यीशु वहां से चला गया और बहुत से लोग उसके पीछे हो लिए, और उस ने सब को चंगा किया, [16]और उन्हें चिताया कि मुझे प्रकट न करना।

आयतें 15, 16. विश्राम के लिए पल ढूंढ़ने के यीशु के प्रयासों के बावजूद लोग **उसके पीछे हो लिए,** वे गलील, यहूदिया, यरूशलेम, इदुमिया, सूर और सैदा के पार के इलाके से आए थे (मरकुस 3:7, 8)। इनमें से कुछ नगर अन्यजातियों के इलाकों में थे, इसलिए भीड़ में अन्यजातियों के लोग भी होंगे (12:18)। यीशु के पीछे आने वाले बहुत से लोग रोगी थे और **उस ने सबको चंगा किया**।

पहले भी ऐसा करते रहने और फिर से चंगा करते हुए यीशु ने **उन्हें चिताया कि मुझे प्रकट न करना** (8:4; 9:30; 16:20; 17:9)। उस की चेतावनी को ''मसीहा का रहस्य'' नाम दिया गया है।

परमेश्वर को भाने वाला सेवक और अन्यजातियों के लिए प्रचारक (12:17, 18)

[17]ताकि जो वचन यशायाह भविष्यवक्ता के द्वारा कहा गया था, वह पूरा हो:

**[18]''देखो, यह मेरा सेवक है, जिसे मैंने चुना है;
मेरा प्रिय, जिस से मेरा मन प्रसन्न है:
मैं अपना आत्मा उस पर डालूंगा,
और वह अन्यजातियों को न्याय का समाचार देगा।''**

आयत 17. आत्मा की अगुआई में मत्ती में यीशु के कामों की व्याख्या भविष्यवाणी के पूरा होने के रूप में जारी रहती है (1:22 पर टिप्पणियां देखें)। इस बार उस ने उन शब्दों को उद्धृत किया, जो परमेश्वर ने **यशायाह भविष्यवक्ता के द्वारा कहे** थे।

आयत 18. आयतें 18 से 21 मत्ती के विवरण में पुराने नियम का सबसे लम्बा हवाला हैं। यह हवाला यशायाह 42:1-4 से लिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि इसके कुछ शब्दों में मूसा के शास्त्रों (MT) और सप्तति (LXX) से अन्तर है। ए. डब्ल्यू. आरगाइल ने सुझाव दिया है कि यीशु का उद्धरण अरामी तरगुम से लिया गया हो सकता है।[2]

इस वचन में **सेवक** के लिए यूनानी शब्द *pais* अन्य शब्दों (जैसे *doulos; diakonos*) की तरह और ''सेवक'' के लिए इतना इस्तेमाल नहीं किया गया। *Pais* का अनुवाद ''बालक'' के रूप में और किसी की ''सन्तान'' के रूप में किया जाता है। इस शब्द के इस्तेमाल में थियोलॉजिकल यानी धर्मशास्त्रीय महत्व है, जो व्यक्ति को परमेश्वर के साथ यीशु के सम्बन्ध में पिता/पुत्र और स्वामी/सेवक के रूपक को देखने की अनुमति देता है। *Pais* का इस्तेमाल और आयतों में भी यीशु के लिए परमेश्वर के सेवक के रूप में लिए हुआ है (प्रेरितों 3:13, 26; 4:27, 30)।

यशायाह 42 के मूल संदर्भ में, परमेश्वर का ''सेवक'' इस्राएल को कहा गया है न कि मसीहा को। सप्तति अनुवाद करने वाले यहूदियों ने, हो सकता है पिछले अध्याय से लेते हुए (यशायाह 41:8), यशायाह 42:1 का आरम्भ ''मेरा दास याकूब ... इस्राएल मेरा चुना हुआ है'' के साथ किया। यह अनुवाद असम्भव नहीं है, क्योंकि पुराने नियम की भविष्यवाणियां आमतौर पर दोहरे रूप में पूरी हुई हैं। परन्तु अध्याय के मसीहा से जुड़े पहलू स्पष्ट हैं (देखें यशायाह 42:6, 7)। मत्ती ने यीशु के लिए जो परमेश्वर का वास्तविक सेवक है, यशायाह की भाषा का इस्तेमाल किया। इस आयत की शब्दावली (**प्रिय** और **मन पसन्द**) यीशु के बपतिस्मे और रूपांतर के बाद परमेश्वर द्वारा कहे गए शब्दों जैसे ही है (3:17; 17:5)।

यशायाह की भविष्यवाणी में यीशु के पवित्र **आत्मा** से अभिषेक किए जाने के अवसर की भविष्यवाणी थी। यीशु के बपतिस्मा लेने के समय, आत्मा उसके ऊपर उतरा था (3:16)। यह यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को दिया गया चिह्न था कि यीशु ही ''पवित्र आत्मा में बपतिस्मा देने वाला'' है (यूहन्ना 1:30-33)। प्रेरितों 10:38 में पतरस ने कहा, ''परमेश्वर ने किस रीति से यीशु नासरी को पवित्र आत्मा और सामर्थ से अभिषेक किया।''

यीशु ने यशायाह की इस भविष्यवाणी को पूरा किया कि वह **अन्यजातियों को न्याय का समाचार देगा**। चाहे यह उस का मुख्य काम नहीं था (10:6; 15:24), पर उस ने अन्यजातियों के लिए सेवा की और मुख्य रूप में अन्यजातियों के इलाकों में प्रचार किया। वास्तव में ''बड़ा विश्वास'' होने के लिए जिन दो लोगों की उस ने सराहना की थी, वे अन्यजाति ही थे (8:5, 10; 15:22, 28)।

शान्त अगुआ (12:19-21)

[19]''वह न झगड़ा करेगा, और न धूम मचाएगा; और न बाजारों में कोई उस का शब्द सुनेगा।

[20]वह कुचले हुए सरकण्डे को न तोड़ेगा, और धुआं देती हुई बत्ती को न बुझाएगा जब तक वह न्याय को प्रबल न कराए।

[21]**और अन्यजातियां उसके नाम पर आशा रखेंगी।''**

आयत 19. इस तथ्य का कि यीशु ने **न झगड़ा** करना था और **न धूम** मचानी थी, अर्थ यह नहीं है कि उस ने कभी किसी बहस या झगड़े में भाग नहीं लेना था। इसके विपरीत यह उस तथ्य की बात करता है कि उस ने अपनी इच्छा दूसरों पर थोपनी नहीं थी। जब भी कहीं यीशु को ठुकराया जाता था, तो वह दूसरी जगह चला जाता था। वह कभी भी भीड़ में उत्तेजना फैलाने वाला नहीं था।

बाजारों में उस का शब्द न सुनने की बात यीशु की सेवकाई के प्रति विनम्र ढंग के लिए है। उस ने अपनी ओर ध्यान खींचने का प्रयास नहीं किया, पर उसके विपरीत दूसरों की आवश्यकताओं पर ध्यान किया। उस ने कई आश्चर्यकर्म एकांत में किए गए थे, ताकि उस की ओर गलत ढंग से ध्यान आकर्षित न हो। इसके बिल्कुल विपरीत, फरीसी लोग दान देने के समय ''गलियों में तुरही बजवाना'' और मनुष्यों को दिखाने के लिए ''सड़कों के मोड़ों पर खड़े होकर प्रार्थना'' करना पसन्द करते थे (6:2, 5 पर टिप्पणियां देखें)।

आयत 20. यशायाह द्वारा दिखाए गए दो रूपक शारीरिक और आत्मिक रूप में बीमार लोगों के थे, जिनसे यीशु ने पीछे नहीं हटना था। पहले तो ''कुचले हुए सरकण्डे को न तोड़ना'' था। सरकण्डों का इस्तेमाल कलम बनाने, बांसुरी और नापने की छड़ जैसी कई चीज़ों के रूप में किया जाता था।[3] सरकण्डे बहुत मात्रा में होते थे (11:7 पर टिप्पणियां देखें) इस कारण कुचले हुए या मुड़े हुए सरकण्डे पर कोई ध्यान नहीं देता था और आसानी से उसके स्थान पर दूसरा इस्तेमाल किया जाता था। ''**धुआं देती हुई बत्ती को न बुझाएगा**'': दूसरा रूपक दीये की बत्तियां सन की बनी हुई होती थीं और ठीक काम न करने पर उन्हें आसानी से बदल भी दिया जाता था।[4] एक बार फिर मसीह की विनम्रता को प्रकाशमान किया गया (देखें 11:29)। जे. डब्ल्यू. मैक्गार्वे ने लिखा है कि यीशु ने कैसे ''उनके घावों को चंगा करना और मर रही ऊर्जा को फूंक मारकर जलाना था।''[5] उस ने न्याय के समय तक लताड़े हुओं के साथ दयालु होना था अर्थात **जब तक न्याय को प्रबल न कराए**।

आयत 21. यह तथ्य कि मसीहा में **अन्यजातियां आशा रखतीं**, मत्ती की पूरी पुस्तक में जारी रहने वाला विषय है (2:1-12; 4:15, 16; 8:5-13; 10:18; 12:18; 15:21-28; 24:14; 28:19)।

टिप्पणियां

[1]लियोन मौरिस, *द गॉस्पल अक्कॉर्डिंग टू मैथ्यू,* पिल्लर कमैंट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1992), 308-9. [2]ए. डब्ल्यू. आरगाइल, *द गॉस्पल अक्कॉर्डिंग टू मैथ्यू,* द कैम्ब्रिज बाइबल कमैंट्री ऑन द न्यू इंग्लिश बाइबल (लंदन: कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 1963), 93. [3]मौरिस, 311. [4]वही। [5]जे. डब्ल्यू. मैक्गार्वे, *द न्यू टैस्टामैंट कमैंट्री,* अंक 1, *मैथ्यू एंड मार्क* (पृष्ठ नहीं, 1875; रिप्रिंट, डिलाइट, आरकैंसा: गॉस्पल लाइट पब्लिशिंग कं., तिथि नहीं), 106.